# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : विकास का मार्ग दिखाकर प्रदर्शनी विदा



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतिम दिन प्रदर्शनी देखते लोग। -संवाद

**माई सिटी रिपोर्टर**

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लगाई प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हो गया। यह प्रदेश में विकास पथ का मार्ग दिखाकर विदा हो गई। इस दौरान हजारों लोग सरकार की दूरदर्शिता के साक्षी बने।

बड़ी संख्या में कॉलेजों के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी देखी और सवालों से जिज्ञासा शांत की। इसके बाद कंपनियों ने स्टॉल हटा लिए।

पंडाल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, टेक्सटाइल्स डाटा सेंटर व इलेक्ट्रानिक्स, वेयर हाउस व लॉजिस्टिक, फिल्म सिटी, लुलु व टोरेंट ग्रुप, टाटा पावर, मेडिकल डिवाइसेज, इलेक्ट्रिकल व्हीकल व रेनेवेबल एनर्जी और डिफेंस व ऐरोस्पेस के स्टॉल लगाए गए थे। पासधारकों को ही प्रदर्शनी देखने की अनुमति थी।